दिन– सोमवार दिनांक– 11/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता दो हजार चौबीस आज से राजगीर में शुरू हुई। ट्रॉफी के पहले लीग मैच में जापान और कोरिया के बीच मुकाबला दो–दो से टाई रहा। अभी चीन और थाईलैंड की टीमों के बीच मैच जारी है। आज का तीसरा मैच भारत और मलेशिया के बीच शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट से शुरू होगा। हमारे सवांददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब से थोड़ी देर बाद प्रतियोगिता का औपचारिक रूप से उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता में भारत के अलावा, चीन, जापान, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड की टीमें भाग ले रही हैं। खेल का समापन बीस नवंबर को होगा। इस आयोजन में फाइनल सहित कुल बीस मैच होंगे। यह पहली बार है जब बिहार इस तरह के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय खेल की मेजबानी कर रहा है।

———————————————————

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

———————————————————

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए आज शाम प्रचार का शोर थम जाएगा। इन क्षेत्रों में तेरह नवम्बर को मतदान होगा। सभी चार सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की

टक्कर है। इधर, प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर है। एनडीए के घटक दल भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार अभियान चला रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हुये हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आज से ही नामांकन पत्र भरने का काम भी शुरू हो गया है। प्रत्याशी अठारह नवंबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। उन्नीस नवंबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी जबकि प्रत्याशी इक्कीस नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। मतदान पाँच दिसम्बर को होगा और मतों की गिनती नौ दिसंबर को होगी। इस सीट से एनडीए ने जदयू के अभिषेक झा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इंडिया गठबंधन से राजद ने गोपी किशन को चुनाव मैदान में उतारा है। गौरतलब है कि देवेशचन्द्र ठाकुर के सांसद चुने जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

---

देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती आज शिक्षा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के पुनाईचक में मौलाना अबुल कलाम आजाद के नाम पर नवनिर्मित पार्क का लोकार्पण किया। श्री कुमार ने मौलाना अबुल कलाम आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, पटना के ज्ञान भवन में आयोजित शिक्षा पुरस्कार समारोह में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने उल्लेखनीय योगदान के लिए कई शिक्षकों को सम्मानित किया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि शिक्षकों की स्थनांतरण नीति में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि वैसे जिले जहाँ सिर्फ एक अनुमंडल है, वहाँ के शिक्षकों को जिले से बाहर नही भेजा जाएगा। वहाँ के शिक्षकों की पोस्टिंग अनुमंडल के अंदर ही होगी।

---

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी–एनआईए ने आज सीवान जिले के सराय थाना क्षेत्र के पुराना किला पोखरा निवासी अख्तर अली के आवासीय ठिकाने पर छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जाँच एजेंसी ने लगभग पाँच घंटे तक छापेमारी की। इस दौरान घर के सदस्यों से पूछताछ भी की गई। यह छापेमारी किस मामले में की गई है, इसकी जानकारी नही दी गई है।

————————————————————————

समाप्त